भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2406

सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय अभिकरणों को सहायता

†2406. श्री बी. के. पार्थसारथीः

श्री बस्तीपति नागराजूः

श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय अभिकरणों को सहायता (एसीए) के अंतर्गत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों की सूची तथा अनुमोदन की स्थिति का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा कार्यान्वयनकर्ता अभिकरण और प्रस्तावित अभिकरण का नाम क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत परियोजना की कुल लागत, स्वीकृत, जारी और अनुमोदित कुल निधि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है,

(ग) उक्त कार्य के समापन की अनुमानित समय-सीमा और अनुमोदित परियोजनाओं द्वारा प्राप्त की गई वास्तविक प्रगति का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार विकास कार्यों के कारण विस्थापित मकानों और दुकानों के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान करती है और यदि हां, तो प्रदान की गई पुनर्वास सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजना के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस योजना के तहत, मंत्रालय ने 948.78 करोड़ रुपये की राशि की कुल 66 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। योजना के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

केंद्रीय एजेंसियों से पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु प्रस्तावों प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की विनिर्दिष्ट दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति एवं धन की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इन दिशानिर्देशों के तहत, पुनर्वास पैकेज को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी संबंधित केंद्रीय एजेंसी की होती है।

*****

अनुबंध

श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू और श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय अभिकरणों को सहायता के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2406 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

पिछले पांच वर्षों के दौरान पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

क्रं. सं.	**केंद्रीय एजेंसी**	**परियोजनाओं का नाम**	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**स्थिति**
1.	आईटीडीसी	आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास।	मध्य प्रदेश	29-09-2020	23.15	10.08	भौतिक रूप से पूर्ण
2.	आईटीडीसी	लेह, लद्दाख में साउंड एंड लाइट शो और पर्यटक सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वॉटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो	लेह और लद्दाख	26-11-2020	23.22	5.15	जारी
3.	आईटीडीसी	नवलसागर झील, बूंदी में म्यूजिकल फाउंटेन और वॉटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो की स्थापना	राजस्थान	04-10-2023	9.25	2.13	जारी
4.	आईटीडीसी	राष्ट्रपति भवन में लाइट एंड साउंड और मल्टीमीडिया शो का विकास	दिल्ली	28-03-2024	47.12	9.71	जारी
5.	आईटीडीसी	गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर, जिला - अरियालुर में प्रकाश	तमिलनाडु	31-03-2025	11.47	0	जारी

		व्यवस्था और संबंद्ध कार्य					
6.	मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (गोवा)	मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट, गोवा में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रूज टर्मिनल और संबद्ध सुविधाओं का विकास	गोवा	10-09-2021	50.00	40.00	जारी
7.	मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट	इंदिरा डॉक, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	महाराष्ट्र	20-12-2021	37.50	30.00	जारी
8.	बीएसएफ	श्री तनोट कॉम्प्लेक्स, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास	राजस्थान	05-07-2022	17.67	8.83	जारी
9.	एनसीएसएम	परियोजना 'राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र का उच्च स्तर पर उन्नयन'	दिल्ली	27-03-2023	31.80	0.18	बंद
10.	आईडब्ल्यूएआई	राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के चढ़ने/उतरने के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर घाटों का विकास	उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम	28-04-2020	28.03	7.01	उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल (बंद) और असम-जारी
11.	वैपकोस	आइजोल में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास	मिजोरम	31-03-2021	39.94	31.09	जारी
12.	एनएचआईडीसीएल	उत्तर-पूर्वी राज्य में 22 व्यू पॉइंट का विकास (i) नागालैंड (2 व्यू पॉइंट) - 5.77 करोड़ रुपए	नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर,	11-10-2022	44.44	35.55	जारी

		(ii) मेघालय (3 व्यू पॉइंट) - 6.26 करोड़ रुपये (iii) मिजोरम (9 व्यू पॉइंट) - 12.78 करोड़ रुपये (iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यू पॉइंट) - 6.25 करोड़ रुपये (v) मणिपुर (3 व्यू पॉइंट) - 5.93 करोड़ रुपये (vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू पॉइंट) - 3.70 करोड़ रुपये	सिक्किम/पश्चिम बंगाल				
13.	बीईसीआईएल	संजीवैया पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना में वॉटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन सहित मल्टीमीडिया लेजर शो	तेलंगाना	31-10-2022	50.00	40.90	भौतिक रूप से पूर्ण
14.	बीईसीआईएल	उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद तेलंगाना में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं शुरूआत	तेलंगाना	22-12-2022	11.79	9.43	भौतिक रूप से पूर्ण
15.	बीईसीआईएल	बक्सर, बिहार में एक्वास्क्रीन प्रोजेक्शन और सांउड शो सहित 3डी मैपिंग और रामरेखा घाट, बिहार में डायनामिक लाइटिंग और मोटिफ	बिहार	10-06-2024	5.99	0.59	जारी

16.	बीईसीआईएल	कांचीगुडा रेलवे स्टेशन विरासत भवन के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था	तेलंगाना	02-01-2024	3.41	2.24	पूर्ण
17.	रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास	कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन	हरियाणा	22-01-2020	3.02	1.51	बदं

****